कक्षा-6
पाठ योजना- 6
विषय- हिंदी

प्रकरण- पाठ- 6 "ऐसे-ऐसे"
भाषा कौशल -वाचन एवं लेखन कौशल
पाठ का संक्षिप्त विवरण -प्रस्तुत एकांकी के शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट करते हुए बाल मनोवृत्ति पर चर्चा की जाएगी ।समय पर कार्य पूर्ण करने का महत्व समझाते हुए पठन-पाठन करवाया जाएगा। पाठ में आए कठिन शब्दों के अर्थ समझकर, पाठ स्पष्ट किया जाएगा। पूर्ण होने पर प्रश्नोत्तरों पर चर्चा करते हुए अतिरिक्त प्रश्न लिखवाकर लेखन कार्य करवाया जाएगा।
KPI 2.1 वर्तनीगत अशुद्धियों का ध्यान।
2.2 शुद्ध उच्चारण सहित वाचन।
उद्देश्य
विषय विशिष्ट उद्देश्य-
SO1वर्तनीगत अशुद्धियों को दूर करना।
SO2शुद्ध उच्चारण सहित वाचन।
व्यावहारिक उद्देश्य
BO1बालकों को समय का महत्व बताना।
BO2कार्य समय पर पूर्ण करना।
BO3झूठ बहाने ना बनाना।
शिक्षण गतिविधि
1. KPI1एकांकी का मंचन (सामूहिक गतिविधि)
एकांकी के पात्रों के अनुसार बालकों को समूह में बांटकर संवादों का संप्रेषण एवं एकांकी का प्रस्तुतीकरण।
शिक्षण अधिगम प्रक्रिया-
सर्वप्रथम एकांकी विधा का परिचय देते हुए बालकों को शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट की जाएगी। कक्षा के बालकों को पात्रानुसार नाट्य मंचन हेतु संवाद दिए जाएंगे ।एकांकी का पठन-पाठन करवाया जाएगा। पूर्ण होने पर प्रश्नोत्तरों पर चर्चा करते हुए लेखन कार्य करवाया जाएगा।
अतिरिक्त प्रश्न-
प्रश्न 1.एकांकी के आधार पर बताइए कि मोहन कैसे स्वभाव का लड़का था?
प्रश्न 2. प्रस्तुत एकांकी से हमें क्या सीख मिलती है?
मूल्यांकन बिंदु-
1.पठन- पाठन तथा उच्चारण
2.धारा प्रवाह
3.उच्चारण संशोधन
डिजिटल सामग्री-
विषय अनुसार दृश्य- श्रव्य सामग्री का प्रयोग।
अपेक्षित परिणाम-
1.बालक एकांकी विद्या से परिचित होंगे।
2.संवादात्मक शैली को जानेंगे।
3.नाट्य मंचन हेतु रुचि जागृत होगी।
4.हाव-भाव सहित अभिनय करना सीखेंगे।